तापमान

अधिकतम 26.2 डिग्री

न्यूनतम 12.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 12 जनवरी 2026

14 होली फेथ स्कूल में हुआ वार्षिक खेल प्रतियोगिता...



14 धान का उठाव नहीं होने से सिरको मंडी में खरीदी...





## खबर संक्षेप

### साराडीह में एक व्यक्ति से मारपीट



**महासमुंद।** ग्राम सारडीह में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में दो लोगों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को चंद्रहास गायकवाड़ सारडीह ने बताया कि 9 जनवरी की रात 9 बजे पंचायत चौक से वह अपने घर जा रहा था, तभी भानू कोठारी के किराना स्टोर के पास गांव के भानू कोठारी एवं करूं निराला मिले और भानू कोठारी ने तुम परसो गाली गलौज किये थे कहकर गाली गलौज गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए किसी नुकीली वस्तु से सिर में वार कर दिया तथा पास में खड़े करूं निराला ने भी हाथ मुक्का से मारपीट किया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 115 (2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### महुआ शराब बेच रहे एक युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम धनोरा में परसाभदेल जाने के रास्ता में पिथौरा पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से 6 लीटर देशी महुआ शराब जब्त किया है। मामले में आरोपी विवेक कुमार गुप्ता पिता संजय कुमार गुप्ता (25 साल) सराईपाली थाना तेंदूकोना के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### कार से प्लेन व व्हिस्की शराब जब्त

**महासमुंद।** सांकरा पुलिस ने एक कार में देशी प्लेन व व्हिस्की शराब ले जा रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने ग्राम लोहराकोट एनएच रोड 53 राहुल टी स्टाल के पास एक कार से गोवा व्हिस्की शराब 10 पौवा एवं शोले देशी प्लेन शराब 30 पौवा कुल कीमत 3900 रुपए तथा एक नीले रंग की बलेनो कार कीमत करीबन 800000 रुपए को बरामद किया। मामले में राहुल पिता नारायण टंडन (27) सपोस थाना सांकरा के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# बिजली बिल हुआ हाफ, अब 200 यूनिट तक मिलेगी 50 फीसदी छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राज्य सरकार ने मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों को नए साल का बड़ा तोहफा दिया है। सरकार की महत्वाकांक्षी हाफ बिजली बिल योजना के दायरे में विस्तार होने से अब घरेलू उपभोक्ताओं को उनके बिजली बिल पर सीधे 600 रुपये तक की बचत होने वाली है।

दिसंबर माह की खपत के जो बिल जनवरी में जारी हो रहे हैं, उनमें उपभोक्ताओं को इस कटौती का सीधा लाभ दिखाई दे रहा है। पहले इस योजना का लाभ केवल उन उपभोक्ताओं को मिलता था जिनकी मासिक खपत 100 यूनिट या उससे कम रहती थी। यदि किसी का बिल 101 यूनिट हो जाता था, तो वह योजना के लाभ से पूरी तरह वंचित हो जाता था। इस विसंगति के कारण प्रदेश भर में उपभोक्ताओं के बीच काफी असंतोष था। जनता की मांग और फीडबैक को देखते हुए सरकार ने 1 दिसंबर से नई व्यवस्था लागू कर दी है। अब 200 यूनिट तक बिजली की खपत करने वाले उपभोक्ताओं को 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इसका अर्थ यह है कि अब मध्यम वर्ग के परिवार, जिनकी खपत थोड़ी ज्यादा है, वे भी इस राहत के दायरे में आ गए हैं।

## राज्य सरकार ने मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों को दिया नए साल का तोहफा

### उपभोक्ताओं को मिलेगा फायदा

नई व्यवस्था के तहत एक उपभोक्ता को महीने में अधिकतम 600 रुपये तक की छूट मिल सकती है। अब केवल 200 यूनिट तक सीमित रहने वालों को ही नहीं, बल्कि 200 यूनिट से अधिक बिजली खपत करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को भी आंशिक रूप से राहत दी जा रही है। उपभोक्ताओं को किसी कार्यालय के चक्कर नहीं काटने होंगे। छूट की राशि सीधे उनके मासिक बिजली बिल में घटाकर दिखाई जा रही है।



### योजना की समय सीमा और सौर ऊर्जा पर जोर

सरकार ने स्पष्ट किया है कि 200 यूनिट तक बिजली पर यह विशेष 50 प्रतिशत की छूट 30 सितंबर तक प्रभावी रहेगी। इसके बाद योजना की समीक्षा की जाएगी। इस राहत के साथ-साथ सरकार एक दूरगामी लक्ष्य पर भी काम कर रही है। उपभोक्ताओं को बिजली बिलों से स्थायी मुक्ति दिलाने के लिए सौर ऊर्जा अपनाने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। सरकार का मानना है कि सौर ऊर्जा के माध्यम से न केवल बिजली बिल शून्य होगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी। यह छूट केवल घरेलू कनेक्शनों के लिए मान्य है। वाणिज्यिक या औद्योगिक उपयोग के लिए पुरानी दरें ही लागू रहेंगी।

## आंदोलन: मनरेगा और गांधीवादी मूल्यों की रक्षा के लिए रखा उपवास

# गरीब मजदूरों के अधिकार के लिए कांग्रेस ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) और गरीबों के अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। खल्लारी विधायक और जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में आयोजित एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र सरकार को सीधी चेतावनी दी गई है। विधायक यादव ने स्पष्ट किया कि यदि केंद्र सरकार ने गरीबों की मांगों पर जल्द ही गंभीरता से विचार नहीं किया, तो आने वाले समय में यह आंदोलन केवल जिला स्तर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे और व्यापक बनाया जाएगा। नगर के लोहिया चौक स्थित धरना स्थल में आयोजित इस एकदिवसीय उपवास को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम महज एक प्रदर्शन नहीं है, बल्कि यह एक देशव्यापी संघर्ष की शुरुआत है। उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों पर प्रहार करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के विचारों और ग्रामीण गरीबों के रोजगार के संवैधानिक अधिकार पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा, हमारा उद्देश्य ग्रामीण गरीबों को उनके हक का काम दिलाना और गांधी जी के स्वावलंबी गांव के सपने को बचाए रखना है। केंद्र सरकार की बेरुखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस उपवास कार्यक्रम में भारी संख्या में जनप्रतिनिधियों और संगठन के पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरायपाली विधायक चातुरीनंद ने भी शिरकत की और ग्रामीण विकास की योजनाओं में हो रही कटौती पर चिंता व्यक्त की। मंच पर जीवजंतु कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष व पूर्व जिलाध्यक्ष, डॉ. रश्मि चंद्राकर, शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, और ग्रामीण अध्यक्ष खिलावन साहू ने भी अपने विचार रखे। वक्ताओं ने एक सुर में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी बढ़ रही है और केंद्र सरकार बजट में कटौती कर गरीबों के पेट पर लात मार रही है।



### संगठन की एकजुटता का प्रदर्शन

कार्यक्रम में प्रदेश सचिव नरेंद्र सेन, पूर्व प्रभारी महामंत्री संजय शर्मा, जिला उपाध्यक्ष गणेश शर्मा और पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष मनोजकांत साहू सहित भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। उपवास के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह लड़ाई किसी राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि उस अंतिम व्यक्ति की है जो दो वक्त की रोटी के लिए मजदूरी पर निर्भर है। उपवास में शामिल होने वाले अन्य प्रमुख नामों में दुर्गा सागर, लक्ष्मी देवांगन, राजू यादव, राजेंद्र चंद्राकर, संतोष पटेल, अमर अरुण चंद्राकर, और सोमेश दवे शामिल रहे। युवाओं और महिला प्रकोष्ठ की भागीदारी ने भी आंदोलन को मजबूती प्रदान की। महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सोनम रामटेके के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उपवास रखा।

### आगे की रणनीति, आंदोलन होगा तेज


विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि यह उपवास तो बस एक संकेत है। उन्होंने प्रशासन और केंद्र सरकार को चेताया कि ग्रामीण जनता अब जागरूक हो चुकी है। यदि मनरेगा के फंड में सुधार और रोजगार की गारंटी सुनिश्चित नहीं की गई, तो कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर चक्का जाम और घेराव जैसे कदम उठाने से पीछे नहीं हटेंगे। इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को केंद्र की गरीब विरोधी नीतियों के बारे में जागरूक करेंगे और गांधीवादी मूल्यों की रक्षा के लिए इस लड़ाई को अंतिम छोर तक ले जाएंगे। रविवार का यह एकदिवसीय उपवास न केवल राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन था, बल्कि यह ग्रामीण जनता की उन समस्याओं का प्रतिबिंब था जो वर्तमान आर्थिक नीतियों के कारण उपजी हैं।

# जंगल में महुआ शराब बना रहे एक व्यक्ति पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- गुठानीपाली के जंगल में चल रहा था शराब बनाने का कार्य

ग्राम गुठानीपाली के जंगल में अवैध रूप से हाथ भट्ठी का देशी महुआ शराब बना रहे व्यक्ति को सिघोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि गुठानीपाली के जंगल में अवैध रूप से हाथ भट्ठी का देशी महुआ शराब बनाया जा रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक व्यक्ति को महुआ शराब बनाते हुए दिखा। पूछताछ में उस व्यक्त ने अपना नाम रंजीत दास पिता ब्रम्हा दास (30 साल) गुठानीपाली होना बताया। आरोपी के कब्जे से 60 लीटर हाथ भट्ठी देशी महुआ शराब कीमत 12000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।





### राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में किरण ने जीता स्वर्ण पदक


**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय 23वीं सीनियर (महिला एवं पुरुष) वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन कर्मा फिटनेस पचपेड़ी नाका रायपुर में 9 से 11 जनवरी 2026 तक आयोजित किया गया। आयोजन में महासमुंद जिले से पुरुष वर्ग में 60 किलोग्राम कैटेगरी में शंकर लाल एवं 65 किलोग्राम कैटेगरी में खोमन निषाद तथा महिला वर्ग में 53 किलोग्राम कैटेगरी में किरण बघेल शामिल हुई। किरण ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता एवं राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। किरण के स्वर्ण पदक जीतने एवं राष्ट्रीय चैंपियनशिप में चयन होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला वेटलिफ्टिंग संघ महासमुंद अध्यक्ष खिलावन बघेल, खेल अधिकारी मनोज कुमार घृतलहरे, सचिव गणेशराम कोसरे, कोषाध्यक्ष सुमित बघेल, दिनेश राव भोसले, गुरदीप सिंह छाबड़ा, डॉ. सेवन दास मानिकपुरी, हिरेंद्र देवांगन, इंद्राणी भास्कर आदि ने हर्ष जताया है।

# शहर की सड़कों पर भारी वाहनों का कब्जा, ट्रैफिक के दबाव से नागरिक त्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला मुख्यालय में इन दिनों यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। शहर की मुख्य सड़कों से लेकर रिहायशी इलाकों तक भारी वाहनों के बेधड़क प्रवेश ने आम नागरिकों का जीना मुहाल कर दिया है। प्रशासन की सख्ती के दावों के बावजूद, भारी वाहनों के चालकों में अब कानून का कोई डर नजर नहीं आता, जिससे आए दिन जाम और दुर्घटनाओं की स्थिति बनी रहती है। शहर में भारी वाहनों के प्रवेश के लिए निर्धारित समय सीमा तय की गई है, लेकिन धरातल पर ये नियम सिर्फ कागजों तक सीमित नजर आते हैं। दिन के व्यस्त समय में, जब स्कूली बच्चे और दफ्तर जाने वाले लोग सड़कों पर होते हैं, तब भी ट्रक और ट्रेलर शहर के बीचोंबीच मुख्य मार्ग से गुजरते देखे जा सकते हैं।

स्थानीय निवासियों अंकित शर्मा का कहना है कि पहले पुलिस की चेकिंग का डर रहता था, लेकिन अब चालक बेखौफ होकर मुख्य चौक-चौराहों से वाहन गुजारते हैं। इससे न केवल सड़क खराब हो रही है, बल्कि धूल और शोर के प्रदूषण ने भी लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। राजेश कुमार साहू ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि अब सड़क पर पैदल चलना या दोपहिया वाहन चलाना जान जोखिम में डालने जैसा है। भारी वाहनों की वजह से नेहरू चौक से लेकर बरौंडा चौक तक जाम लगा रहता है। सबसे ज्यादा डर तब लगता है जब स्कूल बसें इन भारी ट्रकों के बीच फंसी होती हैं। चालकों में पुलिस का खौफ पूरी तरह खत्म हो चुका है।



### जाम से व्यापार और स्वास्थ्य पर असर

ट्रैफिक के इस बढ़ते दबाव का सीधा असर स्थानीय व्यापार पर भी पड़ रहा है। मुख्य बाजार में पार्किंग की जगह नहीं बचती और भारी वाहनों की वजह से ग्राहक बाजार आने से कतराने लगे हैं। इसके अलावा, आपातकालीन सेवाएं जैसे एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड भी अक्सर इन जामों में फंसी रहती हैं, जिससे किसी बड़ी अनहोनी का खतरा हमेशा बना रहता है। सड़कों की हालत भी इन भारी वाहनों के भार से जर्जर होती जा रही है। जगह-जगह हुए गड्ढे बारिश के समय में जानलेवा साबित होते हैं। धूल के गुबार से राहगीरों को सांस लेने में दिक्कत और आंखों में जलन की समस्या आम हो गई है।

### नगर के लिए बन रही समस्या

नो-एंट्री जोन में दिन के समय ट्रकों का प्रवेश। वैकल्पिक मार्ग होने के बावजूद कम दूरी के चक्कर में शहर के बीच से गुजरना। भारी वजन के कारण डामर की सड़कें उखड़ रही हैं। फुटपाथ न होने और सड़कों पर ट्रकों के कब्जे से पैदल चलने वालों के लिए जगह नहीं। नगर की जनता अब इस समस्या का स्थाई समाधान चाहती है। यदि समय रहते यातायात प्रबंधन को दुरुस्त नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में यह समस्या और भी विकराल रूप ले सकती है।

# चलती ट्रेन से यात्री को धक्का देकर मोबाइल लूटा, दोनों पैर कटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जिले में शनिवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। चलती पैसेंजर ट्रेन में मोबाइल लूटने के बाद लुटेरों ने एक यात्री को नीचे धक्का दे दिया। इस हादसे में यात्री के दोनों पैर ट्रेन की चपेट में आ गए और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की पहचान ओडिशा के नुआपड़ा निवासी 45 वर्षीय संतू मांझी के रूप में हुई है। संतू मांझी शनिवार दोपहर करीब 3:30 बजे रायपुर से टिटिलागढ़ जा रही पुशपुल पैसेंजर ट्रेन में सवार थे। जब ट्रेन महासमुंद के बिठौबा टॉकीज के पीछे से गुजर रही थी, तब वह अपने मोबाइल पर कुछ देख रहे थे। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनका मोबाइल छीन लिया और उन्हें चलती ट्रेन से नीचे फेंक दिया। संतू मांझी पटरियों के बीच गिर गए, जिससे उनके दोनों पैर बुरी तरह कट गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग और स्थानीय पार्षद राहुल आंवड़े तुरंत मौके पर पहुंचे। पार्षद ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी। अत्यधिक खून बहने के कारण एम्बुलेंस तक पहुंचते ही संतू मांझी बेहोश हो गए। उन्हें इलाज के लिए तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के इलाकों और संदिग्धों की तलाश कर रही है। इस घटना ने एक बार फिर ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## 15 जनवरी तक बढ़ी तारीख, दफ्तरों के फेर में फंसे अन्नदाता

# रकबा सुधार की धीमी प्रक्रिया से किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

धान कटाई और मिंजाई का काम पूरा होने के बाद जहां किसानों को समितियों में अपनी फसल बेचने के काम में लगा होना चाहिए, वहीं जिले के सैकड़ों किसान तहसील कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। मामला खेतों के रकबा सुधार और फसल की जानकारी में सुधार से जुड़ा हुआ है। तकनीकी गलतियों के कारण बड़ी संख्या में किसानों का पंजीयन प्रभावित हुआ है। पंजीयन के दौरान आई गड़बड़ियों के कारण कई किसानों का रकबा वास्तविक जमीन से काफी कम दर्ज हो गया है।

उदाहरण के तौर पर, किसी किसान की 5 एकड़ जमीन एग्रीस्टैक पोर्टल पर केवल 2 एकड़ ही दिख रही है। इसके अलावा कई किसानों के फसल के प्रकार में भी गलतियां दर्ज हैं। जब तक पोर्टल पर यह जानकारी सही नहीं होगी, तब तक किसान अपना पूरा धान सरकारी केंद्रों पर नहीं बेच सकेंगे। प्रशासन ने सुधार के लिए आवेदन की समय सीमा को बढ़ाकर 15 जनवरी कर दिया है। हालांकि, तहसील कार्यालयों में आवेदनों के निराकरण की गति बहुत धीमी है। तहसीलदार जुगल किशोर पटेल के अनुसार, पिछले दो तीन दिनों में केवल 40 से अधिक आवेदनों का ही समाधान हो पाया है। कार्यालय में अभी भी सैकड़ों आवेदन लंबित हैं, जिसके कारण प्रतिदिन किसानों की भीड़ कार्यालय पहुंच रही है। धान खरीदी का सीजन अपने अंतिम चरण में है। दूर-दराज के गांवों से आए किसान अपने जमीन के दस्तावेज लेकर घंटों इंतजार कर रहे हैं। किसानों को डर है कि यदि समय पर डेटा अपडेट नहीं हुआ, तो वे अपनी मेहनत की फसल को समर्थन मूल्य पर नहीं बेच पाएंगे। यदि इन तकनीकी समस्याओं को जल्द ठीक नहीं किया गया, तो जिले में किसानों के बीच असंतोष और अधिक बढ़ सकता है।



### किसानों के लिए बनी गंभीर स्थिति

यह स्थिति केवल कागजी गलती नहीं है, बल्कि किसानों के लिए आर्थिक संकट का संकेत है। किसानों ने खाद, बीज और मजदूरी के लिए जो कर्ज लिया है, उसे चुकाने का एकमात्र साधन धान की बिक्री है। रकबा कम होने का मतलब है कि कम धान की बिक्री और कम आमदनी। जब सरकारी केंद्रों पर धान नहीं बिकेगा, तो मजबूरन किसानों को खुले बाजार में कम कीमतों पर फसल बेचनी होगी, जिसका फायदा बिचौलिये उठाएंगे। खेती की मेहनत के बाद अब दफ्तरों के चक्कर काटने से किसान मानसिक रूप से टूट रहे हैं।

### धान विक्रय संकट में, रकबा सुधार के लिए भटक रहे

बार नवापारा अभ्यारण्य से विस्थापित होकर बसे ग्राम रामसागर (भावा) के किसान इस खरीफ सत्र में अपनी धान की फसल बेचने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। किसानों आरोप है कि पटवारी और संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर फसल का भौतिक सत्यापन किए जाने के बावजूद एग्रीटेक पोर्टल पर उनका रकबा अब भी शुन्य प्रदर्शित हो रहा है। ग्रामीण सेवा सहकारी समिति पटेवा से जुड़े कृषक देवकुमार, रज्जूराम, राजेंद्र कुमार, फिरत राम, मन्नूलाल और लक्ष्मीबाई सहित लगभग 31 किसानों ने बताया कि वे इस समस्या को लेकर अब तक चार बार जनदर्शन और अधिकारियों से मुलाकात कर चुके हैं, लेकिन सुधार नहीं हुआ है।

### समितियों को मिली लॉगिन सुविधा, समय-सीमा तय

एकीकृत किसान पोर्टल पर किसानों के डेटा को अपडेट करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार, जिले की सभी समितियों के लॉगिन में संशोधन का विकल्प खोल दिया गया है। इस अभियान के तहत 15 जनवरी तक पुराने किसानों की जानकारी को कैरी फॉरवर्ड करने, वनाधिकार पट्टाधारियों का नया पंजीयन करने और गलत आधार वाले रिकॉर्ड सुधारने का काम अनिवार्य रूप से पूरा करना होगा। इसके बाद, खसरा, रकबा और फसल विवरण में सुधार का कार्य 31 जनवरी तक चलेगा। कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि सभी कार्य समय पर पूरे किए जाएं ताकि कोई भी पात्र किसान सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

**खबर संक्षेप**

### पोटियाडीह में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह 16 से

**आमदी(धमतरी)।** ग्राम पोटियाडीह के बाजार चौक में ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 16 से 24 जनवरी तक किया गया है। कथावाचक बालयोगी विष्णु अरोड़ा रतलाम मप्र होंगे। परायणकर्ता पं. देवेंद्र त्रिपाठी मराठापारा धमतरी होंगे। 16 जनवरी को कलश स्थापना, वेदी पूजा गौकर्ण कथा, 17 जनवरी को कथा प्रारंभ, सुकदेव प्राकट्य, वराह कथा, 18 को कपिल एवं ध्रुव चरित्र, 19 को अजामिल व्याख्यान, प्रहलाद चरित्र, गजेंद्र मोक्ष, 20 को समुद्र मंथन, वामन अवतार राम व कृष्ण जन्म उत्सव, 21 को बाललीला, रासलीला गोवर्धन पूजा, 22 को कंस वध, रूक्मणि विवाह, 23 को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, 24 जनवरी को गीता पाठ, हवन, पूर्णाहुति के साथ सुबह 11 बजे से महाप्रसादी वितरण किया जाएगा।

**निधन**

### सुशीलाबाई साहू



**सिर्री।** ग्राम कुहकुहा निवासी सुशीलाबाई साहू उम्र 101 वर्ष का निधन 5 जनवरी को हो गया। वे रोहित कुमार साहू और चूड़ामणी साहू की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने परिजन, समाजजन सहित ग्रामीणजन काफी संख्या में शामिल हुए।

डिप्टी सीएम साव, विधायक चंद्राकर करेंगे 17 करोड़ से अधिक के विकासकार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास

# आज से नगर पालिका कुरुद का होगा विधिवत शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



अरुण साव



अजय चंद्राकर



रूपकुमारी चौधरी



ज्योति चंद्राकर

राष्ट्र नायक स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर नगर के हृदय स्थल केनाल रोड पर लगभग 1 करोड़ की लागत से बने स्वामी विवेकानंद मंगल भवन सहित स्वामी जी के प्रतिमा का लोकार्पण होगा। इसके साथ ही डिप्टी सीएम व विभागीय मंत्री अरुण साव, विधायक अजय चंद्राकर की उपस्थिति में नगर पालिका कुरूद का विधिवत शुभारंभ होगा। इसी परिसर में नगर के विभिन्न जगहों पर 10 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास और 7 करोड़ से अधिक कार्यों का लोकार्पण कर विकास की सौग़ात देंगे।

इस समारोह में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री अरूण साव होंगे। अध्यक्षता विधायक अजय चन्द्राकर करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी, नगरपालिका कुरूद अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर, पूर्व अध्यक्ष निरंजन सिन्हा, रविकांत चन्द्राकर होंगे। गणमान्य नागरिकों में एल. पी. गोस्वामी, कृष्णकांत साहू, नगरपालिका उपाध्यक्ष देवव्रत साहू सहित नगरपालिका के समस्त पार्षद बतौर अतिथि शामिल होंगे। यह महोत्सव सोमवार को सुबह 11 बजे केनाल रोड कुरूद के स्वामी विवेकानंद मंगल भवन परिसर में आयोजित किया गया है।

#### इन कार्यों का होगा लोकार्पण

वार्ड क्र. 15 केनाल रोड के पास स्वामी विवेकानंद मंगल भवन एवं बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य लागत राशि 100.32 लाख। वार्ड क्र. 15 अटल बिहारी बाजपेयी स्टेडियम में बैटमिंटन कोर्ट लागत राशि 101.90 लाख। वार्ड क्र. 8 मिनीमाता व्यवसायिक शॉपिंग काम्प्लेक्स (ब्लाक 01, 02, 03) पुराना बस स्टैण्ड लागत राशि 205.71 लाख। वार्ड क्र. 15 लोकल नाले का रेनोवेशन एवं पिचिंग महानदी मेन केनाल से एनएच 30 तक लागत राशि 128.46 लाख। ऑक्टेंगल स्ट्रीट पोल एवं एल.ई.डी. लाइट एनएच रोड काली माता मंदिर से कॉलेज रोड, केनाल रोड से चर्रा रोड (दोनों साईड) वार्ड क्र. 15,13,12 एवं 8 लागत राशि 124.77 लाख। ऑक्टेंगल स्ट्रीट पोल एवं एल.ई.डी. लाईट स्थापना कार्य गांधी चौक से इनवेचर स्कूल वार्ड क्र. 06 एवं 04 लागत राशि 14.74 लाख। ऑक्टेंगल स्ट्रीट पोल एवं एल.ई.डी. लाईट स्थापना एवं पूर्व स्थापित 50 नग पोल का रेनोवेशन कार्य, सांधा चौक से कारगिल चौक वार्ड क्र. 09 एवं 06 लागत राशि 14.74 लाख। खेल मैदान कुरूद में ऑक्टेंगल पोल हैलोजन लाइट स्थापना कार्य वार्ड क्र. 12 में लागत राशि 12.77 लाख शामिल है।

#### इन कार्यों का शिलान्यास

वार्ड क्र. 01 मंडी रोड के पास नवीन नगर पालिका कार्यालय भवन निर्माण कार्य लागत राशि 168.30 लाख। वार्ड क्र. 15 अटल बिहारी बाजपेयी स्टेडियम में (मल्टीपरपस) इंडोर स्पोर्टस हॉल निर्माण कार्य लागत राशि 416.80 लाख। बाईपास रोड जे.डी. कॉलोनी के सामने इंडोर स्टेडियम (रंगमंच एवं बाउण्ड्रीवाल) निर्माण कार्य लागत राशि 274.07 लाख। वार्ड क्र. 05/08 जलसन तालाब उन्नयन कार्य लागत राशि 62.29 लाख। वार्ड क्र. 05 मरही तालाब उन्नयन कार्य लागत राशि 53.96 लाख। वार्ड क्र. 15 में केनाल रोड से लेकर भारद्वाज ऑटो पाटर्स तक मुख्य निकासी नाली निर्माण कार्य लागत राशि 33.00 लाख। साहू समाज छात्रावास निर्माण कार्य लागत राशि 25.00 लाख। वार्ड क्र. 14 डिपो गार्डन में स्मार्ट लाईब्रेरी निर्माण कार्य लागत राशि 19.83 लाख आदि शामिल है।

## पाप कर्मों का परित्याग कर सत्कर्म करें : प्रमोद

- मड़ेली में आयोजित दिव्य रामकथा का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी





जब पृथ्वी पर पाप का भार बढ़ जाता है, तब पापों का नाश करने के लिए भगवान अवतार लेते हैं। इसलिए पाप कर्मों का परित्याग कर सत्कर्म करना चाहिए। सत्य अहिंसा एवं प्रेम के मार्ग पर चल कर मानव जीवन को सफल एवं सार्थक बनाना चाहिए। यह बातें प्रमोद शास्त्री ने कही।

ग्राम मड़ेली में दिव्य रामकथा का आयोजन किया गया था। आयोजन के अंतिम दिन प्रमोद शास्त्री ने कहा कि मनुष्य दया, क्षमा, सत्य, शील, विवेक, विचार, गुरुभक्ति धारण कर अपना जीवन सुधार सकता है और कल्याण का भागी बन सकता है। उन्होंने कहा कि माता लक्ष्मी ने भगवान से भक्ति का वरदान मांग था, क्योंकि स्थिर भक्ति से जीवन में सुख, समृद्धि आती है। उन्होंने कहा कि दूसरे के साथ कभी कपट नहीं करना चाहिए। रावण ने कपट कर सीताहरण किया तो रावण के परिवार का अंत हो गया। आयोजक श्रीमती शारदा लोकनाथ साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष कुरुद थी। मंच संचालन चम्पालाल साहू ने किया।

कार्यक्रम में लक्ष्मीनारायण साहू, पूर्व सरपंच टकेश्वर कौशिक, संतराम साहू, इंद्रकुमार साहू, ठाकुरराम, भागवत यादव, लकेश्वर बैस, दयालु साहू, ताराचंद, विनोद साहू, नारायण साहू, नूरसिंग साहू, आत्माराम, जनक साहू, कीर्तन साहू, खोरबाहरा साहू, केजू साहू सहित ग्रामीणों ने सहयोग दिया।

## झेरिया यादव समाज ने किया जवान मोनिश का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमदी(धमतरी)



ग्राम पोटियाडीह निवासी मोनिश पिता दिनेश यादव के भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की सफलता पूर्वक ट्रेनिंग कर घर वापस लौटने पर झेरिया यादव समाज ब्लाक धमतरी द्वारा उनक भव्य स्वागत किया गया। यादव समाज धमतरी ब्लाक के अध्यक्ष जितेंद्र यादव ने कहा कि यह उनकी कड़ी मेहनत, लगन और तपस्या का फल है। जिसके कारण उन्हें अपनी मंजिल हासिल हुई है और ये हमारे गांव, समाज व जिले के लिए गर्व की बात है। मौके पर भगत यादव प्रदेश उपाध्यक्ष, शांतिलाल यादव प्रदेश संगठन मंत्री, केदार यादव सचिव, लक्ष्मीनारायण यादव मंडल सोरम अध्यक्ष, यदुराम यादव, मानक यादव पोटियाडीह ग्राम अध्यक्ष, संजय यादव, मन्नू यादव, छन्नू यादव, गोलू यादव, अजय यादव, जगदीश यादव, अविनाश यादव, ओंकार यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

## सुदामा की कृष्ण भक्ति निःस्वार्थ प्रेम का प्रमाण : कृष्णा

- अरौद में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड





ग्राम अरौद में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के सातवें दिन रूक्मणि विवाह एवं सुदामा चरित्र कथा की सुनाई गई। रूक्मणि विवाह में पारंपरिक, लोकगीत संस्कृति की संगीत में प्रस्तुति से श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गया।

प्रवचनकर्ता पं. कृष्णा मिश्रा ने सुदामा चरित्र में कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण में सुदामा और भगवान कृष्ण की भक्ति महत्वपूर्ण है। भक्त हो तो सुदामा की तरह। गरीबी, लाचारी में भी सुदामा ने भगवान कृष्ण की भक्ति को नहीं छोड़ा। भगवान कृष्ण के प्रति अटूट श्रद्धा, भक्ति भाव समर्पण, निःस्वार्थ प्रेम के कारण भगवान का साक्षात दर्शन पाकर उच्च स्थान प्राप्त किया। सुदामा की कृष्ण भक्ति समाज के लिए प्रेरणादायक है। 12 जनवरी सोमवार को अंतिम दिवस श्रीमद् भागवत गीता, तुलसी विवाह, हवन, यज्ञ पश्चात विसर्जन किया जाएगा।

## यशवंतराव मेघावाले कालेज में सावित्री बाई फुले जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में प्राचार्य डॉ प्रभा वेरुलकर के दिशानिर्देश एवं सुश्री निरूपा साहू के नेतृत्व में सावित्री बाई फुले जयंती मनाई गई। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में सावित्री बाई फुले की जीवन गाथा, उनके संघर्ष और 19वीं शताब्दी में स्त्रियों की दशाओं को लेकर उनके उद्धार के लिए किए गए प्रयासों के बारे में जानकार दी।

सहायक प्राध्यापक डॉ यशोदा साहू ने वर्तमान भारत में स्त्रियों की शैक्षणिक और सामाजिक स्थिति को सावित्री बाई फुले का योगदान बताया एवं समाज में मौजूदा कुरीतियों बाल विवाह, विधवा पुनर्विवाह, मुंडन प्रथा, स्त्रियों की शिक्षा के लिए विपरीत परिस्थितियों में किए गए प्रयासों से परिचित कराया। डॉ रमा चंद्राकर ने शिक्षा और वर्तमान भारत में स्त्रियों की दशाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम प्रभारी निरूपा साहू सहायक प्रध्यापक भौतिकी के नेतृत्व में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें भाषण, निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक डॉ घनश्याम देवांगन, कौसलेश ध्रुव, डॉ रमा चंद्राकर, दिव्या देवांगन, दीपक कश्यप, डॉ सुशीला साहू, सुषमा, वर्षा यादव, नीरज कुमार, डॉ विनोद कुमार, दानेश्वर कुमार समेत छात्र- छात्राएं उपस्थित थे। मंच का संचालन अनीता साहू एवं आभार प्रदर्शन निरूपा साहू द्वारा किया गया।

## सनातन एकता का दिया संदेश

- नगरी में हुआ विश्व हिंदू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



सनातन संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं समाज में एकता के उद्देश्य से विश्व हिन्दू सम्मेलन का आयोजन शुक्रवार को राजाबाड़ा नगरी में किया गया।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि कोटेश्वरधाम के सत्यनारायण, मुख्य वक्ता हरिओम शर्मा प्रांत कुटुंब प्रबोधन प्रमुख, विशिष्ट अतिथि निशा साहू व्याख्याता, मुरली श्रृंगी ऋषि आश्रम, सरभंग ऋषि आश्रम, गौतम ऋषि आश्रम आदि के संतजन थे।

व्याख्याता निशा साहू ने पंच परिवर्तन पर कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी का बोध व नागरिक कर्तव्य पर प्रकाश डालते हुए प्लास्टिक का त्याग, जल संरक्षण, पौधरोपण, स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने तथा नागरिक कर्तव्यों के पालन का संदेश दिया। हरिओम शर्मा ने आरएसएस के शताब्दी वर्ष की प्रेरक यात्रा, उसके उद्देश्यों एवं भविष्य की दिशा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए समाज को जागरूक और संगठित रहने का आह्वान किया। सत्यनारायण बाबा ने हिन्दुत्व विषय पर संगठित हिन्दू समाज व महानदी प्रकाट्य पर अपनी बात रखी।

कार्यक्रम में आरएसएस के खंड संचालक गोकुल राम देवांगन, जिला कार्यवाह धनेश्वर निर्मलकर, मुरली बाबा श्रृंगी ऋषि आश्रम सिहावा, नगरी खंड कार्यवाहक मोतीलाल, सहकार्यवाह रेखराज साहू, खंड संपर्क महेंद्र नेताम, सामाजिक समरसता प्रमुख पीआर साहू, दिनेश्वरी नेताम सहित नगरी व फरसियां के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

आयोजन में आरएल देव, मोहन नाहटा, नंद यादव, तुलसी साहू, परमेश्वर सोनबेर, प्रकाश बैस, उमाशंकर नागवंशी, सुरेंद्र सिंहसार, दीनदयाल यादव, निखिल साहू, संत कोठारी, शकुन कश्यप, सुलोचना सिन्हा, उमाशंकर ध्रुव का विशेष योगदान रहा।

## अंतरजातीय विवाह प्रकरण का किया गया निपटारा



- परिक्षेत्रीय साहू समाज लिमतरा की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

परिक्षेत्रीय साहू समाज लिमतरा की बैठक साहू भवन में हुई जिसमें अठारह गांवों के सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे। अध्यक्ष तरुण कुमार साहू ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समाज की रीति-नीति से अवगत कराते हुए सक्रियता से भाग लेने का अनुरोध किया। इस दौरान अंतरजातीय विवाह प्रकरण का निपटारा किया गया। विवेचना में पन्नालाल साहू, निर्मल साहू, मेवालाल साहू, चिरौंजी लाल ने सहभागिता प्रदान की।

बैठक में तरुण कुमार साहू, पन्नालाल साहू, कामता प्रसाद साहू, निर्मल साहू, पूर्णिमा बनपेला दवारिका साहू, कोमल, चुनुलाल, दानीराम, खिलेंद्र साहू, परसराम, मिलन, छेदनलाल, सावित्री समेत अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मोतीलाल साहू ने किया। यह जानकारी घनश्याम सिंह साहू ने दी।

## छग रजत जयंती पर लगा रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी





रजत जयंती के अवसर पर सिविल अस्पताल नगरी परिसर में पुलिस अनुभाग नगरी के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पुलिस जवानों के साथ-साथ क्षेत्र के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर एसडीओपी विपिन रंगारी, बीएमओ डॉ. अरूण नेताम, डॉ. देवकी नंदन सोम, डॉ सोम,थाना प्रभारी चक्रधर बाघ सहित धमतरी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं जवान उपस्थित रहे। सभी ने रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीओपी विपिन रंगारी एवं बीएमओ डॉ. अरूण नेताम ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान करने से शरीर में रक्त कम नहीं होता है। शरीर में नए सेल का विकास होता है जिससे जरूरत मंद मरीजों के जीवन की रक्षा की जा सकती है। विभाग द्वारा रक्तदान व्यक्तियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**नगरी मंडल में श्रद्धा एवं गौरव के साथ मना सोमनाथ स्वाभिमान पर्व**

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भगवान शिव का जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



कर्णेश्वर मंदिर परिसर में भारतीय जनता पार्टी नगरी मंडल द्वारा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। यह आयोजन भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने सोमनाथ मंदिर के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सोमनाथ मंदिर भारतीय संस्कृति, आस्था और स्वाभिमान का प्रतीक है। सोमनाथ मंदिर पर हुए ऐतिहासिक संघर्ष के 1000 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में इस पर्व को भव्य रूप से मनाने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके तहत जिलेभर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि अनेक आक्रमणों के बावजूद सोमनाथ मंदिर आज भी देशवासियों की अटूट आस्था का केंद्र बना हुआ है। यह मंदिर भारत की धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है और इस पर्व को मनाकर सभी कार्यकर्ता स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, मंडल प्रभारी रविशंकर दुबे, ट्रस्ट के अध्यक्ष विकल गुप्ता, मोहन नाहटा, कमल डागा, मोहन पुजारी, अकबर कश्यप, सरपंच नागेंद्र बोरछा, नर्सिंग मरकाम, नागेंद्र शुक्ला, महामंत्री सुलोचना साहू, प्रतिमा देवांगन, प्रीति यदु, पार्षद अश्विनी निषाद, शंकरदेव, देवचरण ध्रुव, जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी, पूर्व सरपंच सती मरकाम, दिनेश्वरी नेताम, महेंद्र नेताम, राजेश नाथ गोसाई, बालू सेन, बबलू गुप्ता, हुमित लिमजा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छग झेरिया यादव समाज की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



छग झेरिया यादव समाज जिला धमतरी की बैठक ग्राम तरसींवा में हुई। बैठक में समाज के संगठनात्मक कार्यों और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला अधिवेशन का आयोजन धमतरी ब्लॉक के सोरम मंडल के ग्राम सोरम में किया जाएगा। अधिवेशन को सफल बनाने हेतु विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं तथा आयोजन की रूपरेखा तय की गई। समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने एकजुटता, सामाजिक विकास और युवाओं की भागीदारी पर विशेष जोर दिया।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष भगत यादव, प्रदेश संगठन मंत्री शांतिलाल यादव, जिलाध्यक्ष रमेश यादव, जिला उपाध्यक्ष देवकुमार यादव, जिला न्याय प्रकोष्ठ रामकृष्णा यादव, ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र यादव, संतोष यादव नगरी, केदार यादव, भगवती यादव, सरोज यादव, लक्ष्मीनारायण यादव, गोवर्धन यादव भखारा, मीडिया प्रभारी लेखराम यादव, मोहन यादव उपस्थित थे।


किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी.टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा

सर्जरी से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध
- अपेंडिक्स व हर्निया का ऑपरेशन
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- पाइल्स (फ़िस्टुला) का ऑपरेशन
- स्तन में गांठ का ऑपरेशन
- आंतो में रुकावट का ऑपरेशन
- आँखों के सभी ऑपरेशन
- फ्रैक्चर एवं हड्डी के समस्त ऑपरेशन
- पथरी एवं मूत्र रोग, प्रोस्टेट ऑपरेशन
- हाइड्रोसील व अंडकोष का ऑपरेशन
- थायराइड का ऑपरेशन
- कान पर्दे के छेद का ऑपरेशन
- ब्रेन एवं मस्तिष्क के सभी ऑपरेशन

24/7 उपलब्ध सर्जन
- डॉ. एन. के. अग्रवाल, वरिष्ठ सर्जन
- डॉ. गंगाधर आत्राम, जनरल, लैप्रोस्कोपिक एंडोस्कोपी एवं लेज़र सर्जन
- डॉ. देवेश अग्रवाल, नेत्र रोग सर्जन
- डॉ. भारती अग्रवाल, स्त्री, प्रसूति रोग विशेषज्ञ एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
- डॉ. संदीप अग्रवाल, ऑर्थोपेडिक सर्जन
- डॉ. वैभव धवली, न्यूरो सर्जन

AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम
बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100
TPA, CGHS की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### गृह निर्माण मंडल के अपर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** अटल विहार कॉलोनी परसदा, कुम्हारी में जनसुविधाओं और निर्माण कार्यों को पूरा करने की मांग को लेकर स्थानीय निवासियों द्वारा छग गृह निर्माण मंडल के अपर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि कॉलोनी में पानी, बिजली, सड़क, सीवेज और पार्क जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण निवासियों को परेशानी हो रही है और वे जल्द से जल्द इन कार्यों को पूरा करने की मांग कर रहे हैं, ताकि कॉलोनी का पूर्ण विकास हो सके। इस मौके पर निवासियों ने बताया कि बच्चों के पढ़ने के लिए कॉलोनी में स्कूल 13 सालों के बाद भी शुरू नहीं हुआ है। कॉलोनी परसदा में जनसुविधाओं को पूरा करने की मांग को लेकर स्थानीय निवासी मंडल के अधिकारियों, विशेषकर अपर आयुक्त से लगातार आग्रह कर रहे हैं। इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

### महामाया देवी मंदिर में गुप्त नवरात्रि महोत्सव 19 से

**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित महामाया देवी मंदिर परिसर में आठ दिवसीय 19 से 27 जनवरी तक गुप्त नवरात्रि महोत्सव और श्रीमद भागवत कथा यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम मंदिर आचार्य, पुजारी, पंडित और कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम दोहपर 2 बजे से शाम 6 बजे तक जारी रहेगा। कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि कार्यक्रम शुरू होने से पहले 19 जनवरी को भव्य शोभायात्रा महामाया देवी मंदिर से निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा महामाया देवी मंदिर, अमीनपारा चौक, लिली चौक, टिल्लू चौक, लाखेनगर चौक, सारथी चौक, आमापारा चौक, आजाद चौक, कंकाली नाका चौक, कंकाली तालाब से कलश जलभराव के बाद शीतला मंदिर चौक होते हुए वापस कथास्थल पर समापन होगा।

### आम आदमी पार्टी की छग बचाओ यात्रा शुरू

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी 11 जनवरी से प्रदेशभर में ब्लाक स्तरीय छत्तीसगढ़ बचाओ यात्रा की शुरुआत करेगी। इस यात्रा का लक्ष्य प्रदेश के 11,664 ग्राम पंचायतों और 20 हजार से अधिक गांवों तक पहुंच बनाना है। पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष उत्तम जायसवाल ने बताया कि पिछले 2 महीनों के दौरान पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों व प्रदेश के पदाधिकारियों व भिन्न प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षों के साथ मैराथन बैठकें आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी प्रमुख पदाधिकारियों के सहयोग से लोकसभा अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष के माध्यम से हर जिले में विधानसभा वार ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति की गई है । पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव संदीप पाठक व सहप्रभारी मुकेश अहलावत के मार्गदर्शन में पार्टी के संगठनात्मक ढांचे के अनुरूप 450 ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति की गई है।

# करोड़ों यज्ञों के समान फल देता है शिव का पार्थिव पूजन : पंकज

## एक करोड़ पार्थिव शिवलिंग बनाकर पूजन करने से होती है मोक्ष की प्राप्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

भगवान शिव का पार्थिव पूजन करोड़ों यज्ञों के समान फल प्रदान करता है। जिस किसी को भी मोक्ष की कामना है उसे एक करोड़ पार्थिव शिवलिंग पूजन करना चाहिए। पार्थिव शिवलिंग की पूजा से सभी कामनाओं की पूर्ति के साथ ही कष्ट, भय, पाप का नाश होता है और प्राणी सुख भोगते हुए मोक्ष को प्राप्त करता है।

स्थानीय त्रिमूर्ति कॉलोनी में चल रहे शिव महापुराण कथा का रसपान कराते हुए व्यास पीठ से आचार्य पं.पंकज तिवारी ने पार्थिव शिवलिंग पूजा की महिमा बताते हुए कहा कि प्रत्येक प्राणी को श्रद्धा भाव से पार्थिव शिवलिंग पूजन करना चाहिए। उन्होंने पूजन विधान की व्याख्या भी की और कहा कि भस्म शिवजी को अति प्रिय है। इसलिए शिवलिंग पूजा करने में भस्म का प्रयोग करना चाहिए। शिवजी को भस्म अर्पण करने के साथ ही अपने माथे पर लगाना चाहिए।

उन्होंने उपस्थित धर्म प्रेमी जनता को पार्थिव शिवलिंग पूजन का बखान करते हुए कहा कि जिस किसी को भी अतुल धन संपदा प्राप्त करने की कामना हो उसे 10 लाख पार्थिव शिवलिंग बनाकर पूजन करना चाहिए। इसी तरह 10 हजार पार्थिव शिवलिंग पूजन से देवताओं के समान ऐश्वर्या की प्राप्ति







भी होती है, पुत्री की कामना हो तो उन्हें भी 10 हजार पार्थिव शिवलिंग बनाकर पूजन करना चाहिए। पुत्र प्राप्ति के लिए 55 हजार का महत्व बताया। इसी तरह तिवारी ने बताया कि भूत प्रेत डाकिनी, शाकिनी पिशाचिनी का भय हो तो इसके निवारण के लिए 7 हजार पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर पूजन करना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि 10 हजार शिवलिंग बनाने से कामनाओं की सिद्धि होती है, कारागार से छुटकारा भी मिलता है, दरिद्रता निवारण के लिए 5 हजार शिवलिंग का महत्व बताया। उन्होंने यह भी कहा कि घर में धन संपत्ति है और कहीं बाहर गए हैं तो उन्हें हमेशा चोर भय सताते रहता है। चोर भय से मुक्ति के लिए 200 पार्थिव शिवलिंग बनाना चाहिए। किसी किसी को तीर्थाटन, घूमने फिरने की इच्छा रहती है लेकिन कामनाओं की पूर्ति नहीं हो पाती ऐसे लोगों को चाहिए कि वे 2 हजार शिवलिंग बनाकर पूजन करें। पुत्र कामना, बंधन से छुटकारा के लिए डेढ़ हजार, विद्या प्राप्ति, भूमि के लिए 1 हजार पर्ची शिवलिंग बनाकर पूजन करना चाहिए। उन्होंने उपस्थितजनों से पूजन विधान की भी व्याख्या की। इसके पूर्व उन्होंने अग्नि स्तंभ के संबंध में वर्णन करते हुए कहा कि अहंकार नहीं करना चाहिए। अहंकार-घमंड से सभी सिद्धियों का नाश होकर अपकीर्ति की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु और ब्रह्मा में सर्वश्रेष्ठ होने का अहंकार जागृत हुआ और दोनों एक दूसरे से श्रेष्ठ होने के दंभ में युद्ध करने लगे। तब भगवान शिव ने अग्नि स्तंभ प्रगट कर दोनों से कहा कि इसके ओर छोर का पता लगाओ। लेकिन दोनों पता नहीं लगा सके और ब्रह्मा ने मिथ्या का सहारा लिया, जिसके कारण ब्रह्मा का एक सिर कट गया।

किंतु भगवान विष्णु ने सत्य वचन कहते हुए बताया कि वह पता नहीं लगा सके। सत्य वचन के कारण भगवान विष्णु, सत्यनारायण के रूप में पूजे जाने लगे। इस अग्नि स्तंभ के माध्यम से भगवान ने दोनों के अहंकार को नष्ट किया।

**शुभारंभ:** जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में तालाब निर्माण कार्य का शुभारंभ

# किसान की समृद्धि और आने वाली पीढ़ियों की जल-सुरक्षा की आधारशिला है तालाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत

- ग्राम सिर्री–पठारीमुंडा में जनकल्याण का ऐतिहासिक अध्याय, 19 .50 लाख की लागत से होगा तालाब का निर्माण

सिर्री-पठारीमुंडा में जनहित और ग्राम विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की शुरुआत हुई। ग्राम में 19.50 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले नए सामुदायिक तालाब निर्माण कार्य का भूमि पूजन समारोह विधिवत रूप से हुआ। यह कार्यक्रम बागबाहरा जनपद पंचायत के अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में पारंपरिक विधि-विधान के साथ आयोजित किया गया। भूमिपूजन के अवसर पर ग्रामवासियों में विशेष उत्साह और प्रसन्नता देखने को मिली। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में तालाब निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। यह तालाब आने वाले समय में ग्राम पंचायत सिर्री–पठारीमुंडा के समग्र विकास का मजबूत आधार बनेगा।

कार्यक्रम में उपस्थितजन समुदाय को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए बागबाहरा जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव ने कहा कि जल संरक्षण आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि तालाब केवल पानी का स्रोत नहीं होते, बल्कि वे गांव की खुशहाली, किसान की आर्थिक मजबूती और पर्यावरण संतुलन के प्रतीक होते हैं। सामुदायिक तालाब आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि तालाब की सुरक्षा, स्वच्छता और संरक्षण को सभी अपनी सामूहिक जिम्मेदारी मानें।

ज्ञात हो कि बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत सिर्री–पठारीमुंडा में सामुदायिक तालाब निर्माण का यह भूमिपूजन न केवल एक विकास कार्य है, बल्कि यह प्राचीन लोककल्याण परंपरा, जल संरक्षण और किसान हितों की मजबूत आधारशिला भी है, जो आने वाले वर्षों में गांव को समृद्धि की नई दिशा देगा।

कार्यक्रम में सरपंच भानमती ध्रुव, सरपंच संघ अध्यक्ष एडिसन ठाकुर, गिरीश पटेल, सचिव गेंद लाल ठाकुर, संतोष यादव, विक्की निषाद, हरक राम दीवान, अग्रेश्वर ठाकुर, हेम सिंह, राजाराम पटेल, पारस दीवान, मनहरण यादव, कामता पटेल, धनेश निषाद, नारायण निषाद, कौशल्या ठाकुर, किशवरी दीवान, चंद्रिका ठाकुर, मथुरा दीवान, तामेश्वरी यादव, केशवरी यादव, सरोजिनी यादव, संतोषी दीवान, हथियारी दीवान, फगनी दीवान सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि गण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।



### जल संरक्षण की दिशा में दूरदर्शी और क्रांतिकारी पहल

यह सामुदायिक तालाब जल संरक्षण को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। वर्षा जल के संचयन से क्षेत्र के भूजल स्तर में वृद्धि होगी। जलस्तर बढ़ने से किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध होगा, जिससे खेती अधिक सुदृढ़ और लाभकारी बनेगी। इससे क्षेत्र के किसान खुशहाल होंगे और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। तालाब निर्माण से ग्रामवासियों को वर्षों पुरानी निस्तार संबंधी समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। घरेलू उपयोग, पशुपालन और अन्य आवश्यकताओं के लिए जल की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित होगी। यह तालाब पूरे गांव के लिए जीवनदायिनी संरचना के रूप में कार्य करेगा।

### प्राचीन लोककल्याण परंपरा का पुनरुद्धार

प्राचीन काल से ही भारतीय समाज में तालाब, कुएं, बावड़ी और धर्मशालाओं का निर्माण धार्मिक आस्था और लोककल्याण की भावना से किया जाता रहा है। उस समय समाज के जागरूक लोग जल संरक्षण और जनहित को सर्वोच्च धर्म मानते थे। तालाब केवल जल स्रोत नहीं, बल्कि गांव की समृद्धि, संस्कृति और सामूहिक चेतना का प्रतीक हुआ करते थे। उसी ऐतिहासिक और पुण्य परंपरा को वर्तमान समय में पुनर्जीवित करते हुए जनपद अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर द्वारा सामुदायिक तालाब निर्माण का यह सराहनीय और दूरदर्शी कदम उठाया गया है।

# घोड़ारी से शुरू हुई छग बचाओ यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

आम आदमी पार्टी का छत्तीसगढ़ बचाओ यात्रा की शुरुआत ग्राम पंचायत घोड़ारी से हुई। जिसमें ग्रामीणों से चर्चा में कई खामियां नजर आई, जो वर्तमान सरकार के पोल खोलती है। चाहे वह जल नल का मामला हो, नाली या धान खरीद का। ऐसे कई मामले सामने आए, जिसे आप के प्रदेश और जिला पदाधिकारियों द्वारा संज्ञान में लिया गया। जिसे मुद्दा बनाकर आम आदमी पार्टी मैदान में हैं।

यह यात्रा रैली के रूप में हर गांव व शहर तक पहुंचेगी। इसके अलावा महासमुंद जिले के चारों विधानसभा के कई गांव में छत्तीसगढ़ बचाओ यात्रा निकाली गई। जिसमें संगठन विस्तार के तहत कार्यकर्ताओं को भी जोड़ा गया। साथ ही वहां की समस्याओं को भी नोट किया गया। यह यात्रा लगातार दो माह तक चलेगी। जिसमें जिले के पूरे 1145 गांवों में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता जाएंगे और हर 15 दिनों में एक समीक्षा बैठक होगी। इस दौरान प्रदेश के उपाध्यक्ष भूपेन चंद्राकर, जिलाध्यक्ष राकेश झाबक, जिलाध्यक्ष महिला मेघा चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष पूनाराम, ब्लाक अध्यक्ष मीडिया प्रभारी शेख अजीम समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ग्रामीण महिलाओं और युवाओं के हाथों में रोजगार रामसागर में आजीविका पहल की हुई शुरुआत

**महासमुंद।** ग्राम रामसागर में ग्राम स्तर पर स्वरोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में समुदाय सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल की गई। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं, युवाओं एवं कृषकों को आजीविका से जोड़कर उनकी आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के तहत आजीविका से जुड़ने के इच्छुक महिलाओं, युवाओं तथा कृषकों का विस्तृत चिन्हांकन किया गया। अभियान के लिए निदान सेवा परिषद तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े कैडर के सहयोग से एक व्यावहारिक एवं सहभागी कार्ययोजना तैयार की गई है। इस कार्ययोजना के अंतर्गत कृषि एवं बागवानी आधारित उत्पादों के मूल्य संवर्धन (वैल्यू एडिशन) पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग कर बाजार से सीधा जुड़ाव स्थापित किया जा सके। कार्यक्रम के अंतर्गत आजीविका प्रबंधन की मुहिम में ग्राम रामसागर के कुल 60 कृषकों का चिन्हांकन किया गया है। इन कृषकों को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसके पश्चात स्थानीय स्तर पर कृषि एवं बागवानी उत्पादों से विविध उत्पाद तैयार किए जाएंगे। तैयार उत्पादों के लिए बाजार प्रबंधन, पैकेजिंग, गुणवत्ता नियंत्रण तथा विपणन की रणनीति विकसित कर उनकी आमदनी बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इस पहल से न केवल ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, बल्कि ग्राम स्तर पर स्वरोजगार के नए अवसर भी विकसित होंगे। साथ ही महिलाओं एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी से सामुदायिक सशक्तिकरण को भी बल मिलेगा। इस अवसर पर निदान सेवा परिषद के कार्यकर्ता, महिलाएं, कृषक तथा बिहान योजना से जुड़े कैडर मौजूद रहे।

# गिरौधपुरीधाम में हुई भाजपा अजा मोर्चा छग की प्रदेश स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा महासमुंद के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार सागर ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की पावन तपोभूमि गिरौदपुरी धाम में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा छत्तीसगढ़ की प्रदेश स्तरीय प्रथम परिचयात्मक बैठक श्रद्धा, अनुशासन एवं संगठनात्मक गरिमा के साथ हुई।



कार्यक्रम की शुरुआत बाबा गुरु घासीदास की तपोभूमि का दर्शन कर विधिवत पूजन-अर्चन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने के पश्चात की गई। यह बैठक अजय जामवाल क्षेत्रीय संगठन महामंत्री भाजपा के सानिध्य में आयोजित हुई।

मुख्य अतिथि डॉ. नवीन मार्कंडेय प्रदेश महामंत्री भाजपा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े ने कहा कि छत्तीसगढ़ की 45 विधानसभा क्षेत्रों में अनुसूचित जाति समाज की निर्णायक भूमिका है, ऐसे में मोर्चा को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाना सभी पदाधिकारियों का दायित्व है। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता भाजपा बेदराम जांगड़े, प्रदेश महामंत्रीद्वय हरिनाथ खूंटे एवं चंद्रप्रकाश सूर्या ने भी संगठनात्मक एकता, अनुशासन एवं जनसेवा को प्राथमिकता देने पर बल दिया। बैठक में प्रदेश एवं जिला स्तर के समस्त पदाधिकारीगण एवं जिला अध्यक्षगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। साथ ही महासमुंद जिला से अरविंद प्रहरे प्रदेश मंत्री, सुरोति लाल लकड़ा महामंत्री मंडल केदुवां, झनकराम चौधरी मंडल भंवरपुर शामिल रहे। कार्यक्रम का समापन बाबा गुरु घासीदास के आदर्शों को आत्मसात करते हुए सामाजिक समरसता एवं संगठन की मजबूती के संकल्प के साथ किया गया।

# उजड़ा पड़ा है संजय कानन, टॉय ट्रेन के इंजन और डिब्बे हो गए कबाड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने शहर के मुख्य गार्डन संजय कानन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गार्डन में चार कर्मचारी कार्यरत होना चाहिए, लेकिन दो मजदूर ही काम करते मिले। राठी ने बताया कि गार्डन की हालत खस्ता हो गई है। जगह-जगह कचरा सूखे पत्ते पड़े है। संजय कानन अपने ही दर्द में कराह रहा है। कोई सुध नहीं लेने वाला है। 15 साल पहले मूर्ति लगी हुई थी, वह भी खंडित होने के कारण हटा दिया गया। बच्चों के झूला फिसल पट्टी भी टूटे पड़े हैं। कई सौंदर्य के सामान, लाईट खंबे सब गायब है। टॉय ट्रेन के इंजन एवं डब्बे कबाड़ हो गए है। कानन उजड़ा पड़ा है। देख रेख के अभाव में असमाजिक तत्वों का अड्डा बन कर रह गया है। एक समय बांस के पेड़ से संजय कानन भरा रहता था, लेकिन अभी बांस के पूरे पेड़ गायब है। ठंड के मौसम में गार्डन हरा-भरा दिखना चाहिए, लेकिन पानी नहीं डालने के कारण पेड़ पौधे सूख रहे हैं। नगर पालिका की उदासीनता के कारण गार्डन अपनी ही दुर्दशा का डंक झेल रहा है। नपा में प्लेसमेंट के अधिकांश मजदूर केवल अंगूठा लगाने का काम करते हैं, ऐसे मजदूरों से गार्डन में ड्यूटी करानी चाहिए। राठी ने नपा सीएमओ दूरभाष पर चर्चा कर बताया कि गार्डन को लेकर तत्काल ठोस कदम उठाए तथा प्लेसमेंट में रखे मजदूरों से काम लिया जाए। सभी गार्डन के झूले फिसल पट्टी आदि का तत्काल मरम्मत कराए या नई खरीदी की जाए। इसके अलावा रख रखाव का मास्टर प्लान बनाया जाए। प्रभारी को निर्देश करें कि कम से कम प्रतिदिन एक बार गार्डन का निरीक्षण करें। पहले गार्डन में शहर एवं आसपास के लोग पिकनिक मनाने आते थे। अब विरान होने के कारण आने जाने वालों की संख्या पूरी तरह घट गई है। निरीक्षण के दौरान पार्षद माखन पटेल, भाजपा नेता हनीश बग्गा, गौरव राठी भी थे।



## खबर संक्षेप





### भागवत कथा के छठवें दिन भगवान कृष्ण की बाल-लीलाओं का किया वर्णन

**नर्रा।** ग्राम बिंद्रावन में चल रहे संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन रविवार को कथावाचक पं. हेमप्रकाश शर्मा उखरा वाले ने भगवान कृष्ण की बाललीलाओं का विस्तृत वर्णन किया। जिसमें नंदोत्सव, माखन चोरी, पूतना वंध का प्रसंग सुनाया। भगवान कृष्ण ने यही लीला की, जिसमें समस्त गोकुलवासी सुखी और संपन्न थे। उन्होंने कहा कि माखन चोरी करने का आशय मन की चोरी से है। कंस द्वारा भेजी गई राक्षसी पूतना ने भगवान को विषपान कराने आई थी। भगवान कृष्ण ने उसके स्तनों से केवल दूध ही नहीं बल्कि उनके प्राणों को भी पी लिया। पूतना अविद्या का प्रतीक है। भगवान ने उसका उद्धार कर उसे धात्री माता की गति प्रदान किया। झांकी के माध्यम से मटकी दही लूट छोटे-छोटे बच्चे ने वेशभूषा धारण किया। भगवान कृष्ण और बलराम लोगों का मन मोह लिया। कथा के दौरान माखन चोरी का प्रसंग बताते हुए कहा कि माता यशोदा ने कृष्ण भगवान को ऊखल से बांधने का प्रयास किया तो रस्सी हमेशा दो अंगुल छोटी पड़ जाती है।

## अनुकरणीय मिसाल

छाया अग्रवाल ने जाते-जाते दुनिया को दी नई दृष्टि, परिवार ने पेश की अनुकरणीय मिसाल

# बिटिया की विदाई पर माता-पिता का साहसिक निर्णय मरणोपरांत नेत्रदान, दो लोगों को मिल सकेगी दृष्टि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

- विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के परिवार का बड़ा फैसला, बेटी छाया की आंखों से रोशन होगी किसी की अंधेरी दुनिया

'मेरा समर्पण ऐसा हो कि मर कर भी कुछ काम आ सकूं...' इन पंक्तियों को अक्षरशः जीवंत करते हुए बसना के प्रतिष्ठित अग्रवाल परिवार ने शोक की इस अत्यंत कठिन घड़ी में मानवता की एक ऐसी मिसाल पेश की है, जिसकी चर्चा आज हर जुबान पर है।

बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के बड़े भ्राता एवं अग्रवाल सभा अध्यक्ष रामचंद्र अग्रवाल तथा अखिल भारतीय महिला सम्मेलन की कोषाध्यक्ष अनीता अग्रवाल की सुपुत्री छाया अग्रवाल का 10 जनवरी 2026 को असामयिक निधन हो गया। अपनी संतान को खोने के अपार दुख के बीच भी माता-पिता ने समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को प्राथमिकता दी और अपनी लाड़ली की स्मृति को अमर बनाने के लिए उसके नेत्रदान का साहसिक निर्णय लिया। परिजनों की इच्छा और सहमति के पश्चात विशेषज्ञों व चिकित्सकों के दल ने पूरे सम्मान के साथ दिवंगत छाया के दोनों नेत्र सुरक्षित रूप से प्राप्त किए।



चिकित्सकों के अनुसार इन नेत्रों के माध्यम से दो ऐसे व्यक्तियों के जीवन में पुनः प्रकाश लौट सकेगा, जो वर्तमान में दृष्टिहीनता के कारण अंधेरी दुनिया में जीने को मजबूर हैं। नेत्रदान को 'महादान' की श्रेणी में रखा गया है, लेकिन शोक के समय भावुकता से ऊपर उठकर इस संकल्प को निभाना अत्यंत कठिन होता है।

रामचंद्र अग्रवाल और अनीता अग्रवाल के इस निर्णय ने न केवल अपनी पुत्री को एक गरिमामयी विदाई दी है, बल्कि भविष्य के लिए एक नई राह भी दिखाई है। अब छाया की आंखों से कोई और इस खूबसूरत दुनिया को देख पाएगा और नए सपने बुन सकेगा। इस महान कार्य के लिए क्षेत्र के प्रबुद्धजनों और सामाजिक संगठनों ने अग्रवाल परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्हें कोटि-कोटि नमन किया है।

## समस्या : खरीदी केंद्र की निर्धारित बफर लिमिट से अधिक धान खरीदी

# धान का उठाव नहीं होने से सिरको मंडी में खरीदी व्यवस्था चरमराई, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

सिरको धान खरीदी केंद्र में धान का उठाव नहीं होने से खरीदी व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो गई है। खरीदी केंद्र की निर्धारित बफर लिमिट जहां मात्र 7,200 क्विंटल है। वहीं इसके विपरीत अब तक करीब 41,446 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है, जो बफर क्षमता से लगभग छह गुना अधिक है। स्थिति यह है कि खरीदी केंद्र पूरी तरह लबालब भर चुका है और धान रखने की जगह नहीं बची है।

धान उठाव ठप रहने के कारण मंडी परिसर में अव्यवस्था का माहौल बन गया है। किसानों की लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं, जिससे आसपास के मार्गों पर आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। मंडी क्षेत्र में ट्रैक्टर और अन्य वाहनों की भीड़ के चलते आम लोगों को आने-जाने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। मौजूदा हालात यह हैं कि एक ट्रैक्टर के मंडी परिसर में प्रवेश करने के बाद उसके बाहर निकलने तक अन्य वाहनों को इंतजार करना पड़ता है, तब जाकर दूसरी गाड़ी को प्रवेश मिल पाता है। इससे किसानों का समय और मेहनत दोनों बर्बाद हो रहे हैं। कई किसान घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं।



धान के स्टैक में रखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं होने से खरीदी कार्य भी धीमा पड़ गया है। किसान अपनी उपज बेचने के लिए केंद्रों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन समाधान नजर नहीं आ रहा। किसानों का आरोप है कि शासन-प्रशासन इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा, जिससे उनकी परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। किसानों ने मांग की है कि शीघ्र ही धान का उठाव शुरू कराया जाए और अतिरिक्त भंडारण व परिवहन की व्यवस्था की जाए, ताकि खरीदी केंद्र में फैली अव्यवस्था दूर हो और किसानों को राहत मिले।

# देवरी स्कूल में विधिक जागरुकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में शनिवार को विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में व्यवहार न्यायालय बागबाहरा के न्यायाधीश न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अविनाश टोप्पो रहे। साथ में विधिक सेवा प्राधिकरण से अधिकार मित्र धनंजय पटेल, पुलिस विभाग से मनोज चंद्राकर, अधिवक्ता मुकेश चंद्र पाड़े विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान न्यायाधीश और टीम द्वारा गुड टच, बेड टच, छेड़खानी, सती प्रथा, दहेज प्रथा, साइबर फ्राड, सोशल मीडिया के उपयोग, यातायात अधिनियम, विधि से संघर्षरत बालक, मानव अधिकार के बारे में छात्र- छात्राओं को विस्तारपूर्वक अवगत करवाया। विद्यालयीन छात्र-छात्राओं धनेश्वरी सेन, पूजा साहू, योगेश्वरी साहू, नीरज बंजारे, गायत्री साहू, माधुरी टंडन आदि के प्रश्नों का जवाब देकर इनकी जिज्ञासाओं को शांत किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता नेशलाल धृतलहरे एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने किया। कार्यक्रम में व्याख्यातागण संजय बारसागढ़े, आनंद राम व्यौहार, नीलू सोनी, रवि प्रकाश पात्रे, भोज राम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, परस राम सिन्हा सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, मौसमी चंद्राकर, देवानंद चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा, कार्यालयीन कर्मचारी हितेश साहू, रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## होली फेथ स्कूल में हुआ वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन



**महासमुंद।** द न्यू होली फेथ स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ। जहां स्लो सायकल रेस, डॉज बॉल एवम कबड्डी क्रीड़ा स्पर्धा हुई। उत्कृष्ट खिलाड़ियों ने अपने जौहर का जोरदार प्रदर्शन किए। संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन एवं प्राचार्य शर्वरी पींचा ने खेल प्रारंभ पूर्व टॉस कर किया। प्राचार्य ने हेड आने वाले खिलाड़ियों को खेल मैदान में शानदार प्रदर्शन के लिए मनोबल बढ़ाया। भरपूर ऊर्जा के साथ खेलने के लिए प्रोत्साहित किए। इस अवसर पर संस्था के सदस्य कविता पींचा, नंदनी चतुर्वेदी, पीयूष लूनिया, किशोर शुक्ला, दिलीप बोथरा मौजूद रहे। आयोजन में विद्यालय के खेल प्रभारी शिक्षिका डायना, जगदीश धीवर, मैनेजमेंट टीचर्स पूजा कामदार, आरती झा, आकांक्षा मिश्रा, रुचि साहू, दीपिका साहू, अनिशा यदु, लवीन चंद्राकर आदि का सहयोग रहा।

# बिरकोनी में संगवारी जेंडर संसाधन केंद्र की शुरुआत महिलाओं के हक और सुरक्षा के लिए समर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम पंचायत बिरकोनी में महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए संगवारी जेंडर संसाधन केंद्र का उद्घाटन किया गया। यह केंद्र ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को सुरक्षित माहौल प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का मुख्य स्तंभ बनेगा। संगवारी केंद्र का मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त लैंगिक भेदभाव को समाप्त करना और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। यह केंद्र केवल एक कार्यालय नहीं, बल्कि उन महिलाओं के लिए एक 'सपोर्ट सिस्टम' के रूप में कार्य करेगा जो हिंसा, भेदभाव या किसी भी प्रकार के मानसिक उत्पीड़न का सामना कर रही हैं। इस संसाधन केंद्र के माध्यम से महिलाओं को अनेक सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिलेंगी। जिसमें अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा पीड़ित महिलाओं को मानसिक और सामाजिक संबल देना, कानूनी अधिकारों की जानकारी और न्याय पाने में उचित सहायता, लैंगिक समानता, शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करना है। संकट की स्थिति में महिलाओं को तत्काल सहायता और सही दिशा निर्देश प्रदान करना। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि जब महिलाएं निडर होकर समाज में अपनी बात रखेंगी, तभी वास्तविक प्रगति संभव है। संगवारी केंद्र महिलाओं के कौशल विकास और सरकारी योजनाओं के लाभ दिलाने में भी सेतु का कार्य करेगा, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। बिरकोनी की महिलाओं ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि गांव के भीतर ही ऐसे केंद्र की उपलब्धता से अब उन्हें अपनी समस्याओं को लेकर दूर नहीं भटकना पड़ेगा। पंचायत के इस प्रयास को क्षेत्र के अन्य गाँवों के लिए भी एक मिसाल के रूप में देखा जा रहा है। संगवारी जेंडर संसाधन केंद्र अब बिरकोनी की हर महिला की आवाज और उसकी ताकत बनेगा।



# मोदी की गारंटी सहित वीएसके एप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में आंदोलन 17 को

## छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने कहाः करोड़ों की लागत से पूर्व की भांति टेबलेट या फ्री डिवाइस का उपयोग करना सुनिश्चित कराए, नहीं तो ई अटेंडेंस का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मोदी की गारंटी सहित वीएसके एप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में बड़ आंदोलन 17 जनवरी को किया जाएगा। जहां जिले के पांचों ब्लाक से हजारों शिक्षक एकजुट होकर अपने हक की आवाज बुलंद करने लोहिया चौक में हजारों शिक्षक जुटेंगे।

आंदोलन को लेकर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला महासमुंद की ऑनलाइन बैठक हुई। इसमें जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर ने आंदोलन को लेकर जिला, प्रांतीय एवं ब्लॉक प्रभारियों को जिम्मेदारी दी गई है। जिसमें सिराज बक्श कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष को महासमुंद, आदित्य गौरव साहू प्रदेश महासचिव को बागबाहरा, दिनेश नायक प्रदेश अनुशासन समिति को पिथौरा, प्रदीप पटेल प्रदेश सलाहकार को बसना और राजाराम पटेल प्रदेश संगठन मंत्री को सरायपाली की जिम्मेदारी तथा जिला पदाधिकारियों में पुरुषोत्तम चंद्राकर उपाध्यक्ष, सीमा यादव उपाध्यक्ष, गोपाल साहू प्रवक्ता को महासमुंद, महेंद्र बघेल संरक्षक, डिकेश्वर साहू सलाहकार, लता बंजारे महासचिव को बागबाहरा, हरिशंकर पटेल उपाध्यक्ष, किशोर पटेल संगठन मंत्री, कुंती चौहान प्रवक्ता को पिथौरा, दिल प्रसाद चौहान कोषाध्यक्ष, हीराराम चौहान उपाध्यक्ष, गणपत देवदास प्रवक्ता को बसना, भूपेंद्र सिंह नेताम महामंत्री, सुधीर सोना संगठन मंत्री को सरायपाली की जिम्मेदारी देते हुए सभी ब्लॉक में बैठक और हर संकुल से शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए सघन सम्पर्क करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके अलावा मनोज राय कार्यकारी जिला अध्यक्ष को सभी ब्लॉक अध्यक्षों सहित ब्लॉक पदाधिकारियों से प्रतिदिन सम्पर्क कर आंदोलन संबंधित गतिविधियों की जानकारी लेना और जिलाध्यक्ष को अवगत कराने, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष दीपाली वर्मा को सभी ब्लॉक के महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सहित ब्लॉक महिला पदाधिकारियों से संपर्क कर शत प्रतिशत आंदोलन में उपस्थिति की जानकारी लेना और जिला अध्यक्ष को अवगत करने की जिम्मेदारी दी गई है।



जिलाध्यक्ष ईश्वर ने बताया कि इन दिनों शिक्षा विभाग रोज नए नए फरमान जारी कर रहा है। ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर जो वीएसके एप बनाया गया है, वह सुरक्षा की दृष्टि से अनुकूल नहीं है। साथ ही प्रदेश ग्रामीण अंचलों में सर्वर की समस्या है। साथ ही पुराने कई शिक्षक आज भी कीपैड मोबाइल का उपयोग करते हैं। इस एप के डाउनलोड करने से लगातार शिक्षकों के पास फर्जी फोन कॉल धमकी भरे कॉल आने की लगातार शिकायत मिल रही है। बावजूद शिक्षा विभाग इसको गंभीरता से नहीं ले रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को ऑनलाइन उपस्थिति देने में कोई दिक्कत नहीं है। परंतु, अपने स्वयं के मोबाइल से उपस्थिति देना कदापि उचित नहीं है। शिक्षा विभाग को सभी स्कूलों में डिवाइस उपलब्ध कराना चाहिए। उसके बाद ई अटेंडेंस की पहल करनी चाहिए। नियमित उपस्थिति और अनुशासन बनाए रखने के लिए सरकार के हर कदम का स्वागत करते है। लेकिन, वो व्यवहारिक और सहजता से अनुकरण योग्य बनाये इसका निवेदन करते है।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ईश्वर ने कहा कि दो साल पूर्व मोदी की गारंटी में शिक्षकों के साथ किया गया वादा आज भी पूरा नहीं हो पाया है। प्रदेश के सहायक शिक्षक सरकार को आशा भरी नजरों से देख रहे हैं। परन्तु, राज्य सरकार मोदी की गारंटी को पूरा करने में गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि एलबी संवर्ग के शिक्षकों की पूर्व सेवा की गणना करना बेहद जरूरी है। आज ऑनलाइन बैठक को पांचों ब्लॉक अध्यक्ष सभी प्रांतीय पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। बैठक में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सिराज बक्श, प्रदेश प्रवक्ता आदित्य गौरव साहू, अनुशासन समिति प्रभारी दिनेश नायक, प्रदेश सलाहकार प्रदीप पटेल, बीपी मेश्राम जिला कार्यकारी अध्यक्ष, मनोज राय, ब्लाक अध्यक्ष द्वय बाबूलाल ध्रुव महासमुंद, प्रकाश बघेल बागबाहरा आदि शामिल रहे।

# गढ़सिवनी सशिमं में सप्तशक्ति संगम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा सप्त शक्ति संगम का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय गढ़सिवनी में शनिवार को किया गया। अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती, भारत माता के छायाचित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खेमलता ध्रुव (सरपंच, ग्राम पंचायत गढ़सिवनी), अध्यक्षता जगौती बाई निषाद, विशेष अतिथि मनोज साहू ( प्रांतीय सप्त शक्ति संगम वक्ता, जिला महासमुंद) व योगेश्वरी ध्रुव (बिहान समिति, लेखापाल ग्राम परसाडीह), मुख्य वक्ता के रूप में रमा निषाद (पूर्व जनपद सदस्य), सहवक्ता अंगेश्वरी साहू उपस्थित रही। कार्यक्रम में 190 मातृशक्ति शामिल हुई। सप्त शक्ति संगम का प्रस्तावना वाचन किया गया। तत्पश्चात मुख्य वक्ता द्वारा उद्बोधन में सप्त शक्ति संगम नारियों के सात गुणश्री, मेधा, कृति, स्मृति, वाक, क्षमा और धृति पर अपने विचार मातृशक्ति के समक्ष रखी। सह वक्ता ने भी कुटुंब प्रबोधन पर अपना विचार प्रस्तुत किया। सहवक्ता ने भारत में महिलाओं के योगदान एवं पर्यावरण पर अपना विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विशिष्ट माता का सम्मान के तहत जागौती बाई निषाद को (सामाजिक क्षेत्र ) में विशेष योगदान जिसमें उनके द्वारा ग्राम खट्टा (पटेवा) में श्रीराम मंदिर निर्माण, ग्राम अछोली में मंदिर निर्माण तथा विद्यालय में 2 कमरे के निर्माण) के लिए शाल, श्रीफल व मेडल से सम्मानित किया गया। दुकलहीन बाई निषाद (संयुक्त परिवार) जिसमें एक साथ 35 सदस्यों सहित चार पीढ़ियों को संजोये रखा है के लिए शाल श्रीफल व मेडल से सम्मानित किया गया तथा सुशीला बाई साहू (धार्मिक क्षेत्र) जिसने रामायण, सुआ गीत, सेवा जसगीत, लोकगीतों के गायन के लिए शाल, श्रीफल व मेडल से सम्मानित किया गया। दीदीयों द्वारा माताओं से विविध प्रश्न पूछे गए, जिसमें मातृशक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया जिन्हें मेडल व पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के बहिनों द्वारा मां दुर्गा के नवरूपों का व माताओं के सप्त शक्ति का सुंदर झांकी प्रस्तुत कर अभिनय किया। विद्यालय के बहनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। हीरा सोनकर ने आभार व्यक्त किया। किरण साहू, कलेश्वरी सोनकर द्वारा मातृशक्ति को संकल्प दिलाई। मंच संचालन हीरा सोनकर व किरण साहू ने किया। रणजीत यादव, रंजीत निषाद, जीतेंद्र कुमार निषाद (आचार्य), पिंकी यादव, वंदना साहू, राधिका ध्रुव (दीदी) एवं ममता साहू (आया) द्वारा कार्यक्रम में विशेष सहयोग प्रदान किया गया। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप कुमार साहू ने दी।



